दिन– रविवार दिनांक– 28/06/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे।

02. प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में आज पंचायत विकास दिवस का हो रहा है आयोजन। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मुंगेर जिले की टेटिया पंचायत से करेंगे शुभारंभ।

03. विदेश मंत्रालय ने निजी टूर ऑपरेटरों के माध्यम से कैलाश मानसरोवर यात्रा करने वाले भारतीय नागरिकों के लिए परामर्श जारी किया।

04. और, केंद्रीय चयन पर्षद की ओर से आज बिहार पुलिस की नौ सौ तिरानवे पदों के लिए सिपाही भर्ती परीक्षा का किया जा रहा है आयोजन।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ पैंतीसवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी चैनलों, एआईआर न्यूज़ की वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। साथ ही, एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा। मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण प्रसार भारती के ओटीटी प्लेटफार्म वेव्स पर भी सुना जा सकता है। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

---

राज्य सरकार की पहल पर पंचायतीराज विभाग की ओर से अब प्रत्येक महीने कें अंतिम रविवार को सभी ग्राम पंचायतों में पंचायत विकास दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस माह कार्यक्रम का विषय है – **महिला हितैषी ग्राम पंचायत।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज मुंगेर जिले के टेटिया बम्बर प्रखंड की टेटिया पंचायत से इस कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। पंचायत विकास शिविर का उद्देश्य ग्रामीण विकास से जुड़े मुद्दों पर जनभागीदारी बढ़ाना और योजनाओं की समीक्षा के माध्यम से पंचायत को सशक्त बनाना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से स्वस्थ पंचायत, बाल हितैषी पंचायत, जल पर्याप्त पंचायत समेत सुशासनयुक्त पंचायत का लक्ष्य हासिल करना भी है। कार्यक्रम के

दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात का सीधा प्रसारण भी सुना जायेगा।

---

विदेश मंत्रालय ने निजी टूर ऑपरेटरों के माध्यम से कैलाश मानसरोवर यात्रा करने वाले भारतीय नागरिकों के लिए परामर्श जारी किया है। मंत्रालय ने कहा है कि उसे कैलाश मानसरोवर की यात्रा के दौरान नेपाल में फंसे कई भारतीय नागरिकों से सहायता के अनुरोध प्राप्त हुए हैं। इनके पास चीन के लिए आवश्यक प्रवेश पत्र और वीजा नहीं है। मंत्रालय ने नागरिकों को सलाह दी है कि वे सभी आवश्यक यात्रा दस्तावेज प्राप्त होने तक भारत से यात्रा शुरू न करें। श्रद्धालुओं को यह भी सुनिश्चित करने की सलाह दी जाती है कि उनका टूर ऑपरेटर पूरी तरह पंजीकृत और अधिकृत हो। इस बीच, बीस जून को कैलाश मानसरोवर यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं का पहला जत्था नाथू ला दर्रे पर भारत–चीन सीमा के रास्ते चीन में प्रवेश कर गया।

---

राज्यपाल सह कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत सैय्यद अता हसनैन ने सभी विश्वविद्यालयों को समय पर डिग्रियां बांटने का निर्देश दिया है। उन्होंने नालंदा खुला विश्वविद्यालय, बिहार कृषि विश्वविद्यालय और बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय को छोड़कर प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को भेजे निर्देश में कहा है कि डिग्री की छपाई और उसके वितरण को सर्वोच्च प्राथमिता दी जाए। उन्होंने लंबित डिग्रियों को अभियान चलाकर वितरित करने का निर्देश दिया। राज्यपाल ने कहा कि तीस सितम्बर तक सभी लंबित डिग्रियों को छात्र–छात्राओं को उपलब्ध करा दिया जाए।

---

राज्य सरकार ने जमीन मापी की नई दर तय कर दी है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में सामान्य मापी के लिए प्रति खेसरा एक हजार रुपये तथा अधिकतम चार हजार रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। तत्काल मापी के लिए प्रति खेसरा दो हजार रुपये और अधिकतम आठ हजार रुपये शुल्क देना होगा। विभाग ने कहा है कि शहरी क्षेत्रों में सामान्य मापी का शुल्क प्रति खेसरा दो हजार रुपये तथा अधिकतम आठ हजार रुपये तय किया गया है। वहीं, तत्काल मापी के लिए प्रति खेसरा चार हजार रुपये और अधिकतम अठारह हजार रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। शुल्क भुगतान की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। साथ ही, अमीन को आवेदन प्राप्त होने के दो दिनों के भीतर मापी की प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

---

उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने कहा है कि किसी भी देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम–एमएसएमई क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि भारत में यह क्षेत्र पहली पीढ़ी के उद्यमियों के साहस और उद्यमशीलता का प्रतीक है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र देश के कुल निर्यात में लगभग पचास प्रतिशत योगदान करता है और उच्च गुणवत्ता के मानक बनाए हुए है। इस अवसर पर एम एस एम ई मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि केन्द्रीय बजट से एम एस एम ई क्षेत्र के लिए सरकार की प्राथमिकता और प्रतिबद्धता का पता चलता है।

———साउंड बाईट–जीतन राम मांझी———

आपने देखा होगा जो 2024–25 का बजट था और 2025–26 का बजट था, एमएसएमई के बारे में जितनी चिंताएं की गई है उस बजट में उसके पहले हमारे सेंट्रल बजट में चिंताएं नहीं हुई थीं। यह दर्शाता है कि प्रधानमंत्री जी एमएसएमई को आगे ले जाना चाहते हैं।

उपराष्ट्रपति ने देश में एम एस एम ई को सशक्त बनाने के उद्देश्य से क्रांतिकारी डिजिटल प्लटफॉर्म, पोर्टल और पुस्तकों का भी विमोचन किया।

---

बिहार पुलिस ने सोशल मीडिया पर कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाले आपत्तिजनक और भ्रामक पोस्ट अपलोड करने वाले एक सौ अट्ठाईस लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पिछले चार महीनों में सोलह आरोपियों को गिरफ्तार भी किया गया है, जबकि नौ सोशल मीडिया हैंडल, आईडी और चैनलों को हटाया गया है। पुलिस ने कहा है कि आम जनता की जागरूकता और सहभागिता से फर्जी तथा भ्रामक सूचनाओं पर रोक लगायी जा सकती है।

---

केंद्रीय चयन पर्षद की ओर से आज प्रदेशभर के पांच सौ चौवालीस केन्द्रों पर बिहार पुलिस की सिपाही भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। नौ सौ तिरानवे पदों के लिए परीक्षा आयोजित की जा रही है। परीक्षा दोपहर बारह बजे से दो बजे तक आयोजित की जायेगी। परीक्षार्थियों को ग्यारह बजे के बाद परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश नहीं मिलेगा। पर्षद ने कहा है कि अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर ई–प्रवेश पत्र के साथ वैध पहचान पत्र लेकर आना अनिवार्य होगा। इधर, पूर्व मध्य रेलवे परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए परीक्षा विशेष ट्रेन चला रहा है।

---

गन्ना विकास मंत्री संजय पासवान ने कहा है कि प्रदेश के लोगों को अब मजदूरी के लिए बाहर नहीं जाना होगा। मुंगेर में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री पासवान ने कहा कि प्रदेश में आने वाले दिनों में पच्चीस गन्ना फैक्ट्री समेत कई कल–कारखानें खोले जायेंगे।

———साउंड बाइट–संजय पासवान——— 20 सें.

---

राज्य सरकार ने दसवीं और बारहवीं की परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों का अपार आईडी अनिवार्य कर दिया है। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के सचिव ने जिलाधिकारियों को लिखे पत्र में तीस जून तक सभी विद्यार्थियों को अपार आईडी बनाने का निर्देश दिया है। निर्देश में कहा गया है कि अपार आईडी के बिना परीक्षा के लिए निबंधन नहीं कराया जा सकेगा। गौरतलब है कि अपार आईडी छात्रों का डिजिटल शैक्षणिक पहचान है, जो उनकी पूरी शिक्षा का रिकॉर्ड सुरक्षित और सुगम बनाती है।

---

प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं के लिए कल रात आठ बजे से आज रात आठ बजे तक विद्युत संबंधित सभी ऑनलाईन सेवाएं अस्थायी रूप से बंद कर दी गयी हैं। ऊर्जा विभाग ने कहा है कि इस दौरान स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं का रिचार्ज नहीं होने की स्थिति में भी बिजली आपूर्ति नियमित बनी रहेगी।

---

राज्य के अधिकतर भागों में दक्षिण–पश्चिम मानूसन की सक्रियता दिख रही है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले पांच दिनों में प्रदेश के अधिकांश भागों में मानसून सक्रिय हो जाएगा। विभाग ने अगले अड़तालीस घंटों के दौरान मधेपुरा, पूर्णिया, भागलपुर, कटिहार और सीवान समेत कई जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान पूर्णिया, मधेपुरा, कटिहार, बांका, रोहतास और मधुबनी समेत राज्य के उत्तर–मध्य और उत्तर–पूर्व भागों में अनेक स्थानों पर दोपहर बाद तेज हवा के साथ मध्यम दर्जे की बारिश दर्ज की गयी है। इससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। मधेपुरा के पुरैनी में सबसे अधिक छिहत्तर दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। आज सुबह पटना और आस–पास के क्षेत्रों में भी कई स्थान पर हल्की बारिश हुई है।

---

पश्चिम चम्पारण जिले के बैरिया थाना क्षेत्र अन्तर्गत हाट सरैया में एक युवक की संदिग्ध परिस्थिती में मौत हो गयी। बेतिया एसडीपीओ रजनीश कांत प्रियदर्शी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

---

अररिया जिले के फारबिसगंज थाना क्षेत्र के भागकोहलिया गांव में एसएसबी और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में इकतीस ग्राम से अधिक मादक पदार्थ ब्राउन शुगर के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाईट योजना के तहत अब तक ग्यारह लाख पच्चीस हजार छह सौ छह सोलर लाईट लगायी जा चुकी है। पंचायती राज विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह लक्ष्य का लगभग छियानवे प्रतिशत है।

---

पटना जंक्शन से रेलवे पुलिस ने यात्रियों से ठगी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि ये लोग नकली नोटों का बंडल दिखाकर यात्रियों को ठगते थे।

---

राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले से दरभंगा जिले के रहने वाले कृष्णा राय उर्फ शान को गिरफ्तार किया गया है। हनुमानगढ़ के पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह मीणा ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति पाकिस्तान में रह रहे शहजाद भट्टी को संवेदनशील जानकारी भेजता था। वह पिछले कई दिनों से इंस्टाग्राम और वाट्सएप के माध्यम से शहजाद भट्टी के समर्पक में था। कृष्णा राय के खिलाफ चौबीस जून को प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी।

---

आयरलैंड के बेलफास्ट में दो मैचों की टी–ट्वेंटी श्रृंखला का दूसरा और अंतिम मैच आज खेला जाएगा। मैच भारतीय समय के अनुसार शाम छह बजे से शुरू होगा। श्रृंखला का पहला मैच आयरलैंड ने भारत को चौंतीस रन से हरा दिया। गौरतलब है कि आज के मैच में बिहार के वैभव सूर्यवंशी को टीम एलेवन में जगह मिलने की उम्मीद है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के हवाले से लिखा है– पटना का मिलर स्कूल प्रेरणा का मॉडल बनेगा।

दैनिक जागरण ने राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से जुड़े विवाद पर लिखा है– अटकलों पर विराम, चंपत राय और अनिल मिश्रा का ट्रस्ट से इस्तीफा।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– बिहार के परीक्षा माफिया ने अब महाराष्ट्र टीईटी का पेपर लीक कराया। तीन गिरफ्तार।

प्रभात खबर ने बिजली से जुड़ी खबर पर लिखा है– छह जिलों में बिना ग्रिड मिलेगी निर्बाध बिजली।

राष्ट्रीय सागर की सुर्खी है– पीएमसीएच प्राचार्य हटाये जाने के मामले की होगी हाई लेवल जांच, पूर्व प्राचार्य की प्रेस वार्ता से स्वास्थ्य विभाग नाराज।

आज अखबार लिखता है– होर्मुज में अमेरिका–ईरान ने एक–दूसरे पर बरसाये गोले, शांति समझौता मात्र दस दिन में हवा होता दिख रहा।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे।

02. प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में आज पंचायत विकास दिवस का हो रहा है आयोजन। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मुंगेर जिले की टेटिया पंचायत से करेंगे शुभारंभ।

03. विदेश मंत्रालय ने निजी टूर ऑपरेटरों के माध्यम से कैलाश मानसरोवर यात्रा करने वाले भारतीय नागरिकों के लिए परामर्श जारी किया।

04. और, केंद्रीय चयन पर्षद की ओर से आज बिहार पुलिस की नौ सौ तिरानवे पदों के लिए सिपाही भर्ती परीक्षा का किया जा रहा है आयोजन।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।